**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय कर्मियों की एथलेटिक प्रतियोगिता 10 मई से

स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आगामी 10 मई 2023 से विश्वविद्यालय कर्मियों की एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में किया जा रहा है। क्लब के सचिव प्रभाकर जोशी ने बताया कि 10 से 13 मई 2023 तक आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के आधार पर करायी जाती है, जिसमें 30 वर्ष से नीचे, 30, 35, 40, 45, 50, 55 व 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के विश्वविद्यालय कर्मी भाग लेंगे, जिसमें 100, 200, 400, 800, 1500, 5000 मीटर दौड़, भाला फेंक, चक्का फेंक, गोला फेंक, लंबी कूद, त्रिकूद तथा महिलाओं के लिए 3 किमी तथा पुरूषों के लिए 5 किमी पैदल चाल की प्रतियोगिताएं करायी जायेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन 10 मई 2023 को कुलपति द्वारा किया जायेगा। सचिव जोशी ने सभी विश्वविद्यालय के सभी कर्मियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। ज्ञात होगा कि 2019 के उपरांत कोरोना संक्रमण के चलते स्टाफ स्पोर्ट्स की सभी प्रतियोगिताओं को स्थगित रखा गया था।